Title: Need to ensure early completion of proposed Unchahar Power Project in Fatehpur District, U.P.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चैल): सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर में खागा विधानसभा के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित उंचाहार परियोजना से संबंधित १३२ के.वी. का एक विद्युत उपकेन्द्र बनाया जाना है। इस हेतु जमान का अधिग्रहण भी किया जा चुका है और यह भी तस्य है कि इस योजना पर कुछ कार्य भी हुआ है परन्तु उक्त योजना अभी तक अधूरी ही पड़ी हुई है जिससे इस योजना पर किये गये कार्यों का कोई महत्व नहीं रह जाता है। वस्तुतः अभी तक इस योजना पर जो धनराशि व्यय की गई है, जब तक यह विद्युत उपकेन्द्र पूरी तरह से बनकर तैयार नहीं हो जाता है तब तक इस पर व्यय की गई धनराशि व्यर्थ ही समझी जायेगी।

मेरी सरकार से मांग है कि खागा में अधूरे पड़े विद्युत उपकेन्द्र का निर्माण जनहित में शीघ्र पूरा कराया जाये और यदि इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कोई कार्यवाही अपेक्षित हो तो आवश्यक निदेश शीघ्र जारी किये जायें ताकि इसके अभाव में स्थानीय नागरिकों को जिन विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, उससे इन्हें राहत मिल सके।